ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 02 मई 2026

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 3 अंक 28

नियमों के खिलाफ हुआ तो जांच कराएंगे'' : राज्यपाल कटारिया के बयान के बीच BJP सांसद संदीप पाठक पर पंजाब में 2 FIR, गिरफ्तारी की चर्चा तेज



24 न्यूज अपडेट

चंडीगढ़/नई दिल्ली। पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आम आदमी पार्टी छोड़कर BJP में शामिल हुए राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के खिलाफ दर्ज मामलों पर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि "अगर सब कुछ नियमों के अनुसार हुआ है तो ठीक है, अन्यथा हम जांच के लिए टीम बनाएंगे।" राज्यपाल के इस बयान के बाद पंजाब की राजनीति और अधिक गरमा गई है। दरअसल, AAP छोड़कर हाल ही में BJP में शामिल हुए संदीप पाठक के खिलाफ पंजाब में भ्रष्टाचार और शोषण से जुड़े दो FIR दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक मामलों में गैर-जमानती धाराएं लगाई गई हैं। दावा किया जा रहा है कि FIR की खबर सामने आने से पहले संदीप पाठक दिल्ली स्थित अपने आवास से पिछले दरवाजे से निकल गए। बताया जा रहा है कि जिस गाड़ी से वे निकले, वह राज्यसभा सांसद अशोक मित्तल के नाम पर रजिस्टर्ड है।

सूत्रों के अनुसार पंजाब पुलिस की टीम दिल्ली पहुंच चुकी है और गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, पंजाब पुलिस की ओर से अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। वहीं संदीप पाठक ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें किसी FIR की जानकारी नहीं है। इसी बीच दिल्ली पुलिस ने उनके आवास के बाहर बैरिकेडिंग कर दी, जिसके बाद पंजाब पुलिस और दिल्ली पुलिस के बीच टकराव की आशंका को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं।

BJP ने बताया "बदले की राजनीति"

BJP नेताओं ने पूरे घटनाक्रम को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है। भाजपा नेता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि पंजाब में कानून-व्यवस्था बिगड़ी हुई है, लेकिन सरकार विपक्षी नेताओं के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। वहीं पंजाब BJP के नेताओं ने आरोप लगाया कि भगवंत मान सरकार पुलिस का इस्तेमाल राजनीतिक हथियार की तरह कर रही है। दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि "अरविंद केजरीवाल लोकतंत्र की बात करते हैं, लेकिन व्यवहार तानाशाही जैसा है।"

देशभर में मोबाइल पर बजा इमरजेंसी अलर्ट: राज्यभर में लोगों के फोन पर सायरन, सरकार ने किया 'SACHET' सिस्टम का परीक्षण



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। शनिवार सुबह देशभर में करोड़ों मोबाइल फोन पर अचानक सायरन बजने और इमरजेंसी अलर्ट मैसेज आने से लोग चौंक गए। सुबह करीब 11:45 बजे एकसाथ मोबाइल स्क्रीन पर हिंदी-अंग्रेजी सहित विभिन्न भाषाओं में चेतावनी संदेश दिखाई दिया। सायरन बंद होने के बाद मोबाइल फोन पर मैसेज को ऑडियो के जरिए पढ़कर भी सुनाया गया। हालांकि यह किसी वास्तविक आपदा का अलर्ट नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) द्वारा इमरजेंसी अलर्ट सिस्टम की टेस्टिंग थी। सरकार ने देशभर में सेल ब्रॉडकास्ट आधारित चेतावनी प्रणाली का परीक्षण किया, ताकि आपदा या आपातकालीन स्थिति में लोगों तक तुरंत सूचना पहुंचाई जा सके।

सभी राज्यों में भेजा गया टेस्ट मैसेज

सरकार की ओर से यह टेस्ट मैसेज देश के सभी राज्यों की राजधानियों और दिल्ली-NCR सहित कई क्षेत्रों में भेजा गया। मैसेज में साफ लिखा था कि यह केवल परीक्षण है और नागरिकों को घबराने या किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं है। दो दिन पहले ही सरकार ने लोगों को सूचित कर दिया था कि मोबाइल पर इमरजेंसी अलर्ट ट्रायल किया जाएगा। इसके बावजूद अचानक सायरन बजने से कई लोग घबरा गए, जबकि कई लोग इसे लेकर असमंजस में नजर आए।

'SACHET' सिस्टम से मिलेगा रियल टाइम अलर्ट

आपदा के समय त्वरित चेतावनी देने के लिए सरकारी संस्था National Disaster Management Authority और C-DOT ने मिलकर 'SACHET' नाम का इंटीग्रेटेड अलर्ट सिस्टम विकसित किया है। यह कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (CAP) आधारित तकनीक है, जिसे देश के सभी 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सक्रिय किया जा चुका है। इस तकनीक में सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम का उपयोग होता है, जिससे किसी विशेष क्षेत्र में नेटवर्क कवरेज के भीतर मौजूद सभी मोबाइल फोनों पर एक साथ अलर्ट भेजा जा सकता है।

सचिन पायलट मामले में पुनर्विचार से हाईकोर्ट का इनकार, पुराना आदेश बरकरार



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने सचिन पायलट और उनके समर्थक विधायकों को अयोग्य ठहराने संबंधी नोटिसों के खिलाफ दायर याचिका पर दिए गए पुराने आदेश में पुनर्विचार करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने मोहनलाल नामा की पुनर्विचार याचिका खारिज करते हुए 19 दिसंबर 2023 के आदेश को बरकरार रखा। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने कहा कि पूर्व आदेश से स्पष्ट है कि मामला अब सारहीन हो चुका है, इसलिए इस पर आगे सुनवाई की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि पुनर्विचार याचिका का दायरा सीमित होता है और इसके माध्यम से मामले की दोबारा विस्तृत सुनवाई नहीं की जा सकती। दरअसल जुलाई 2020 में राजनीतिक घटनाक्रम के दौरान सचिन पायलट और उनके समर्थक विधायक मानेसर चले गए थे। इसके बाद तत्कालीन विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी ने पार्टी व्हिप उल्लंघन के आरोप में उन्हें अयोग्यता के नोटिस जारी किए थे। इन नोटिसों को पायलट गुट ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उस समय हाईकोर्ट ने मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। बाद में स्पीकर ने इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, जहां मामला अभी लंबित है। 19 दिसंबर 2023 को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता विधायकों की ओर से कहा गया था कि राज्य में 16वीं विधानसभा का गठन हो चुका है, इसलिए याचिका अब अप्रासंगिक हो गई है। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद मोहनलाल नामा ने पुनर्विचार याचिका दायर कर दावा किया था कि उन्हें सुनवाई का पूरा अवसर नहीं मिला और अदालत द्वारा तय किए गए संवैधानिक व कानूनी बिंदुओं पर फैसला दिए बिना याचिका खारिज कर दी गई। हालांकि हाईकोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया।

बरगी डैम क्रूज हादसे में मौतों का आंकड़ा 11 पहुंचा, दो बच्चों के शव बरामद

24 न्यूज अपडेट

जबलपुर। बरगी डैम में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे में शनिवार शाम दो और बच्चों के शव बरामद किए गए। इनमें श्रीतमिल पिता कामराज (5) और विराज पिता कृष्ण सोनी (5) शामिल हैं। इसके साथ ही हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। जानकारी के अनुसार विराज सोनी का शव शनिवार शाम करीब 6 बजे घटनास्थल के पास मिला। दोनों शवों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। वहीं कामराज (45) और उनका भतीजा मयूरम अब भी लापता हैं। उनकी तलाश में सेना, NDRF और SDRF की टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। गौरतलब है कि गुरुवार शाम करीब 5 बजे मध्य प्रदेश टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज तेज हवाओं के बीच डैम में पलट गया था। क्रूज में करीब 47 लोग सवार थे, जबकि टिकट केवल 29 यात्रियों की कटी थी। हादसा किनारे से लगभग 300 मीटर दूर हुआ। उस समय हवा की रफ्तार करीब 74 किलोमीटर प्रति घंटा बताई गई। इधर, हादसे को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी तेज हो गई हैं। जीतू पटवारी ने राज्य सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश की शासन व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। वहीं एमपी टूरिज्म बोर्ड के एडवाइजर कमांडेंट राजेंद्र निगम ने बताया कि डैम में उस समय समुद्र जैसी ऊंची लहरें उठ रही थीं, जिसके चलते क्रूज संतुलन नहीं बना पाया। उन्होंने कहा कि भविष्य में तेज हवा के दौरान नाव संचालन रोकने के लिए नई एडवाइजरी जारी करने की तैयारी की जा रही है। हादसे के बाद प्रदेश में क्रूज संचालन पर रोक लगा दी गई है और मामले की जांच के लिए समिति गठित की गई है।

ई-फार्मेसी और दवा कारोबार को लेकर RCA ने सरकार से मांगा हस्तक्षेप, 20 मई को बंद की चेतावनी



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान केमिस्ट एलायंस ने औषधि व्यापार और जनस्वास्थ्य से जुड़े कई मुद्दों को लेकर राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। संगठन का कहना है कि लंबे समय से समस्याओं को उठाने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ है, जिससे केमिस्ट समुदाय में नाराजगी बढ़ रही है। RCA अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि राज्य सहित देशभर में ई-फार्मेसी का अनियमित संचालन गंभीर चिंता का विषय बन गया है। संगठन के अनुसार कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन दवाइयों की बिक्री कर रहे हैं, जिससे नकली दवाओं की सप्लाई, एंटीबायोटिक के दुरुपयोग और नशीली दवाओं के गलत इस्तेमाल का खतरा बढ़ रहा है। संगठन ने कॉर्पोरेट कंपनियों पर "प्रिडेटरी प्राइसिंग" अपनाने का आरोप भी लगाया। RCA का कहना है कि भारी डिस्काउंट और ऑनलाइन प्रतिस्पर्धा के चलते छोटे और मध्यम स्तर के केमिस्ट कारोबारियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। इसके अलावा संगठन ने केंद्र सरकार की अधिसूचनाओं G.S.R. 817 (E) और G.S.R. 220 (E) को वापस लेने की मांग उठाई है। RCA के मुताबिक इन नियमों के कारण डोर-टू-डोर दवा आपूर्ति में अनियमितताएं बढ़ी हैं और गैर-प्रशिक्षित लोगों द्वारा दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। RCA ने प्राथमिक कृषि साख समितियों (PACS) को ड्रग लाइसेंस दिए जाने के प्रस्ताव पर भी आपत्ति जताई है। संगठन का कहना है कि इससे दवा वितरण व्यवस्था की गुणवत्ता और निगरानी प्रभावित हो सकती है। इस बीच ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो 20 मई को देशभर में एक दिवसीय बंद किया जाएगा। हालांकि संगठन ने स्पष्ट किया है कि बंद के दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी। जयपुर में आयोजित बैठक में RCA से जुड़े पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से ऑनलाइन फार्मेसी पर रोक लगाने और दवा कारोबार के लिए निष्पक्ष व्यवस्था लागू करने की मांग दोहराई।

इस हफ्ते सोने-चांदी में गिरावट रही: चांदी की कीमत 3389 कम होकर 2.40 लाख किलो हुई, सोना 1216 सस्ता हुआ



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। सोना हफ्तेभर में 1,216 रुपए गिरकर 1,50,263 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इससे पहले ये बीते हफ्ते यानी 25 अप्रैल को 1,51,479 रुपए पर था। वहीं, चांदी 2,43,720 किलो से गिरकर 2,40,331 रुपए पर पहुंच गई है। यानी इसकी कीमत 3,389 रुपए कम हुई।

आपके बच्चे को लखपति बनाएगा PPF अकाउंट: अपने बच्चे के नाम खुलवाएं ये अकाउंट



24 न्यूज अपडेट

अगर आप बच्चे के नाम पर निवेश शुरू करने का प्लान बना रहे हैं तो पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (PPF) स्कीम में निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम में अभी 7.1% सालाना ब्याज दिया जा रहा है।

आप अपने बच्चे के नाम पर PPF अकाउंट खोलकर उसके लिए आसानी से लाखों का फंड तैयार कर सकते हैं। लेकिन इसके कुछ नियम हैं। हम आपको उन नियमों के बारे में बता रहे हैं।

एक व्यक्ति एक ही बच्चे के नाम पर खोल सकता है PPF अकाउंट

एक व्यक्ति अपने नाम पर केवल एक ही PPF अकाउंट खुलवा सकता है। हालांकि व्यक्ति अपने PPF अकाउंट के अलावा नाबालिग बच्चे के नाम पर एक अन्य PPF खाता खुलवा सकता है। लेकिन यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि एक अभिभावक (गार्जियन) एक ही बच्चे के नाम पर PPF खाता खोल सकता है। नियमों के मुताबिक, अगर किसी के दो बच्चे हैं तो एक नाबालिग बच्चे का PPF अकाउंट मां और दूसरे का पिता खुलवा सकता है।

कितना पैसा कर सकते हैं जमा?

नाबालिग के PPF अकाउंट के लिए भी एक वित्त वर्ष में कम से कम 500 और अधिकतम 1.5 लाख रुपए की डिपॉजिट लिमिट लागू है। लेकिन अगर मां-पिता का खुद का PPF अकाउंट भी है तो उनके खुद के अकाउंट और नाबालिग के PPF अकाउंट दोनों को मिलाकर अधिकतम डिपॉजिट लिमिट 1.5 लाख रुपए सालाना ही रहेगी।

RBI के नए डिप्टी गवर्नर बने रोहित जैन: 3 साल का कार्यकाल होगा, टी-रबी शंकर की जगह लेंगे



24 न्यूज अपडेट

अपॉइंटमेंट कमेटी ऑफ द कैबिनेट यानी ACC ने रोहित जैन को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) का नया डिप्टी गवर्नर नियुक्त किया है। उनकी यह नियुक्ति 3 साल के लिए होगी, जो 3 मई या उसके बाद से प्रभावी मानी जाएगी। जैन वर्तमान डिप्टी गवर्नर टी रबी शंकर की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है।

रोहित जैन इससे पहले दिसंबर 2020 से आरबीआई में कार्यकारी निदेशक (ED) के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। कार्यकारी निदेशक के तौर पर जैन ने सुपरविजन विभाग (रिस्क, एनालिटिक्स और वल्नरेबिलिटी असेसमेंट) की जिम्मेदारी संभाली है। केंद्र सरकार ने पिछले महीने डिप्टी गवर्नर पद के लिए चार कार्यकारी निदेशकों का इंटरव्यू लिया था, जिसमें से जैन के नाम पर मुहर लगी है।

संपादकीय : महंगाई का दुश्चक्र

पिछले करीब दो महीने से पश्चिम एशिया में संघर्ष के बीच वैश्विक स्तर पर जिस तरह की परिस्थितियां पैदा हुई हैं, उसमें रोजमर्रा की जरूरत की चीजों की आपूर्ति बाधित होने के साथ ही महंगाई की रफ्तार भी तेज हुई है। ऐसे में भारत में भी महंगाई के बेलगाम होने की आशंका पहले से जताई जा रही थी। मगर ऐसा लगता है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर ही सरकार ने जरूरी चीजों की कीमतों की लगाम को थाम के रखा हुआ था। गौरतलब है कि शुक्रवार को खाना पकाने के वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की कीमत में नौ सौ तिरानवे रुपए की भारी बढ़ोतरी कर दी गई। वहीं चूंकि सामान्य घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित है, इसलिए पांच किलो गैस वाले छोटे सिलेंडर उपलब्ध तो कराए जा रहे हैं, लेकिन उसकी कीमत में भी दो सौ इकसठ रुपए की बढ़ोतरी कर दी गई और अब इसके लिए उपभोक्ताओं को आठ सौ दस रुपए पचास पैसे देने होंगे। इसके अलावा, विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्य में भी वृद्धि की गई है। कहने को ताजा बढ़ोतरी का असर आबादी के एक छोटे हिस्से पर पड़ने की बात कही जा रही है, लेकिन इतना तय है कि इसका दायरा बड़ा होने वाला है। मसलन, केवल वाणिज्यिक गैस सिलेंडर को ही देखें, तो इसकी कीमत अब तीन हजार रुपए से भी ज्यादा हो गई है। जाहिर है, होटल, या खाना पकाने का व्यवसाय करने वाले लोग अगर इसका उपयोग करेंगे, तो सीधे-सीधे इसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों और लोगों की थाली पर पड़ेगा। संभव है कि कम आय वाले लोगों के व्यवसाय पर भी इसका विपरीत असर पड़े। फिर इस बात की क्या गारंटी है कि जिन कारणों से वाणिज्यिक गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा करने को उचित ठहराया जा रहा है, उसी तरह के दूसरे कारण से आने वाले दिनों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत नहीं बढ़ाई जाएगी। आखिर छोटे सिलेंडर की कीमत में खासी बढ़ोतरी कर ही दी गई है, जिसका उपयोग आमतौर पर प्रवासी मजदूर से लेकर आर्थिक रूप से कमजोर तबके के लोग करते हैं। इसी तरह, अब यह कहना मुश्किल है कि विमान ईंधन और थोक डीजल के मूल्यों में वृद्धि केवल यहीं तक रुक जाएगी। अभी से आम उपयोग वाले पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका जताई जाने लगी है। जाहिर है, एक ऐसा दौर शुरू हो चुका है, जिसमें महंगाई का दुश्चक्र आने वाले दिनों में और ज्यादा जटिल होता दिख रहा है। खासतौर पर डीजल की कीमतों में इजाफे के बाद ढुलाई का खर्च बढ़ेगा और इसके बाद चौतरफा महंगाई की मार सबके लिए एक बड़ी चुनौती बन सकती है। वैश्विक स्तर पर पसरी अस्थिरता की वजह से अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर हाल के दिनों में जो सुस्ती देखी जा रही है, बाजार भी तेज उतार-चढ़ाव से गुजर रहा है, उसमें एक बड़ी आबादी रोजी-रोजगार के सवालों से जूझ रही है। लगातार घटती क्रयशक्ति के दौर में महंगाई की मार का असर कितना गहरा हो सकता है, इसका बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है। सवाल है कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध की वजह उपजे संकट के बावजूद सरकार ने करीब दो महीने तक तेल और गैस की कीमतों को कमोबेश थाम कर रखा था और इनकी उपलब्धता के वैकल्पिक रास्ते निकाल रही थी, तो अचानक ही उसे महंगाई को इस तरह खुला छोड़ देने की जरूरत क्यों पड़ी! क्या कुछ दिनों की राहत का कारण पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव थे ?

लापरवाही की कीमत

मध्य प्रदेश में जबलपुर के बरगी बांध में एक क्रूज नाव के पलटने से हुए हादसे की त्रासदी ने एक बार फिर नागरिक सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे ने नाव पर सवार होकर रोमांच महसूस करने के कई लोगों के उत्साह को मातम में बदल दिया। हैरानी इस बात की है कि दुर्घटना के बाद प्रशासन के पास नाव में सवार कुल लोगों की सटीक जानकारी तक नहीं थी। अधिकारियों ने टिकटों की संख्या के आधार पर आंकड़ा जारी कर दिया, जबकि कई लोगों के साथ उनके बच्चे भी नाव पर सवार थे। सवाल है कि नौकाओं के संचालकों के लिए क्या यह नियम जरूरी नहीं होना चाहिए कि टिकट लेने वाले लोगों के साथ उनके बच्चों की संख्या भी दर्ज की जाए, ताकि आपात स्थिति में सुरक्षा बंदोबस्त में कोई कमी न रहे ? दूसरी ओर ऐसी खबरें भी आई हैं कि दुर्घटना की शिकार हुई नौका पर पहले से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे और न ही स्थानीय मौसम के पूर्वानुमान की कोई व्यवस्था थी। ऐसे में इसे व्यवस्थागत लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा। गौरतलब है कि गुरुवार को बरगी बांध में एक क्रूज नौका तेज आंधी की चपेट में आकर पलट गई थी। इस दुर्घटना में अब तक नौ लोगों के शव बरामद हो चुके हैं, जबकि कुछ लोग अब भी लापता हैं। हादसे में जीवित बचे लोगों का दावा है कि नौका पर सवार किसी भी यात्री ने जीवन रक्षक जैकेट नहीं पहनी थी। जब आपात स्थिति महसूस हुई, तभी ये यात्रियों में वितरित करने की कोशिश की गई, लेकिन कुछ लोगों को इन्हें पहनने का मौका नहीं मिला। सवाल है कि जो नियम नौका चालकों को प्रशिक्षण के दौरान अनिवार्य रूप से सिखाए जाते हैं, अगर उन्हें ही नजरअंदाज कर दिया जाए, तो यह सीधे तौर पर लापरवाही को उजागर करता है। यही नहीं, जल पर्यटन के इस क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान की व्यवस्था न होना भी सवाल खड़े करती है। राज्य सरकार ने हादसे के बाद क्रूज नावों के संचालन पर प्रतिबंध लगा लगा दिया है, लेकिन क्या सिर्फ इस कदम से ऐसी दुर्घटनाओं पर पूरी तरह रोक पाएगी। ऐसे में सभी राज्यों को चाहिए कि इस हादसे से सबक लेकर तमाम व्यवस्थाओं में सुधार किया जाए।

मांडवा पीएचसी में युवती की मौत पर बवाल, दूसरे दिन धरने के बाद 5 लाख के मुआवजे और केस पर बनी सहमति



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मांडवा पीएचसी में 18 वर्षीय युवती की मौत के बाद मामला तूल पकड़ गया। दूसरे दिन शनिवार को मृतका के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण कोटड़ा सीएचसी के बाहर धरने पर बैठ गए और मुआवजे के साथ सरकारी नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। करीब आठ घंटे चली समझाइश और वार्ता के बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम, नर्सिंगकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज करने और 5 लाख रुपए के मुआवजे पर सहमति बनी। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। शुक्रवार दोपहर 18 वर्षीय आरती कुमारी को खांसी-जुकाम की शिकायत होने पर मांडवा पीएचसी ले जाया गया था। आरोप है कि वहां मौजूद जीएनएम ने बिना डॉक्टर की मौजूदगी के युवती को इंजेक्शन लगा दिया। इंजेक्शन लगने के कुछ ही मिनटों बाद आरती की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने जीएनएम पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि न तो पर्ची बनाई गई और न ही युवती की कोई जांच की गई। सीधे इंजेक्शन लगाने की लापरवाही ही उसकी मौत का कारण बनी। घटना के बाद से ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। शनिवार सुबह 10 बजे से बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन कोटड़ा सीएचसी के बाहर धरने पर बैठ गए। मृतका का शव सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखा गया था। परिजन मुआवजे और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग पर अड़े रहे। उनका कहना था कि जब तक प्रशासन ठोस आश्वासन नहीं देता, तब तक पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा। तहसीलदार, बीएमओ और पुलिस अधिकारियों ने लगातार समझाइश की। कई दौर की वार्ता के बाद शाम करीब 6 बजे सहमति बनी। इसके बाद मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। नर्सिंगकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा और मृतका के परिजनों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाएगी। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

थाने की मेस में एएसआई ने की आत्महत्या: फंदे से लटका मिला शव, रात तक था सामान्य



24 न्यूज अपडेट

भीलवाड़ा। जिले के कारोई थाना क्षेत्र में एक एएसआई द्वारा थाने की मेस में फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान एएसआई विष्णु कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कारोई थाना, जो जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर स्थित है, वहां शुक्रवार रात तक सब कुछ सामान्य था। एएसआई विष्णु कुमार अन्य पुलिसकर्मियों के साथ मौजूद रहे, उन्होंने साथ में भोजन किया और सामान्य बातचीत भी की। इसके बाद वे अपने क्वार्टर चले गए। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक देर रात वे क्वार्टर से निकलकर थाने की मेस में पहुंचे, जहां उन्होंने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह जब पुलिसकर्मी रोजाना की तरह मेस में पहुंचे, तो एएसआई का शव फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना तत्काल थाना प्रभारी और वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया है और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है, जिनकी मौजूदगी में आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। एएसआई के भाई नरेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 8:45 बजे विष्णु से बात हुई थी और उस समय कोई परेशानी नहीं लगी। न तो ड्यूटी से जुड़ा कोई तनाव था और न ही परिवार में किसी तरह का विवाद।

उन्होंने बताया कि वे दो भाई और सभी लोग साथ रहते हैं। घर का माहौल सामान्य था। शाम को दोनों भाइयों की पत्नियां भी साथ में खाना खाती हैं, इसलिए ऐसी कोई बात सामने नहीं आई, जिससे परेशानी का अंदाजा हो सके। उन्होंने बताया कि पिता हुकुम सिंह जयपुर पुलिस से रिटायर हुए हैं। विष्णु कुमार के दो बेटे हैं।

काली पहाड़ी जंगल में फिर भड़की आग, धुएं से मावली-वल्लभनगर रोड पर थमा ट्रैफिक



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। वल्लभनगर क्षेत्र स्थित काली पहाड़ी रावला जंगल शनिवार दोपहर एक बार फिर भीषण आग की चपेट में आ गया। दोपहर करीब 3 बजे जंगल में लगी आग ने तेज हवाओं के चलते देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गौरतलब है कि दो दिन पहले गुरुवार को भी इसी जंगल में भयंकर आग लगी थी। लगातार दूसरी बार आग लगने की घटना से ग्रामीणों में डर और चिंता का माहौल गहरा गया है। स्थानीय लोगों ने जंगल में बार-बार हो रही आगजनी की घटनाओं को गंभीर बताते हुए प्रशासन से ठोस कार्रवाई की मांग की है। आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शाम 6 बजे आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान दमकलकर्मियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया। तेज और गर्म हवाओं के कारण आग की लपटें जंगल से निकलकर मुख्य सड़क तक पहुंच गईं। इससे मावली-वल्लभनगर रोड पर करीब एक घंटे तक वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित रही और सड़क पर जाम जैसे हालात बन गए। स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब आग से उठे घने धुएं के कारण सड़क पर दृश्यता लगभग शून्य हो गई। बावजूद इसके कुछ वाहन चालक जान जोखिम में डालकर आग और धुएं के बीच से गुजरते नजर आए। इससे बड़े हादसे की आशंका बनी रही।

दोस्त की जिंदगी बचाने के लिए खुद दे दी जान, नेपाली युवक मानसी वाकल बांध में डूबा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। मानसी वाकल बांध में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने बांध पर पहुंचा था। नहाने के दौरान उसका एक साथी गहरे पानी में फंस गया। साथी को बचाने के लिए युवक ने बिना देर किए पानी में छलांग लगा दी। उसने दोस्त की जान तो बचा ली, लेकिन खुद गहरे पानी से बाहर नहीं निकल सका। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मोहन थापा (26) के रूप में हुई है। मोहन झाड़ोल में 'एमडी चाइनीज रेस्टोरेंट' संचालित करता था। शनिवार सुबह वह अपने पांच दोस्तों और रेस्टोरेंट स्टाफ के साथ बांध पर घूमने और नहाने गया था। इसी दौरान करीब साढ़े 11 बजे हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शी और मोहन के दोस्त मिलन ने बताया कि नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसे बचाने के लिए मोहन तुरंत पानी में कूद पड़ा। काफी मशक्कत के बाद मोहन ने उसे सुरक्षित किनारे की ओर धकेल दिया, लेकिन खुद संतुलन खो बैठा और गहरे पानी में समा गया। मोहन के डूबते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। साथियों ने करीब आधे घंटे तक अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन पानी ज्यादा गहरा होने के कारण कोई सफलता नहीं मिली। बाद में ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी गई। थानाधिकारी श्री फैलीराम मीणा ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस, ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर करीब 2 बजे मोहन का शव पानी से बाहर निकाला गया। शव को एमबी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस ने हादसे की जानकारी नेपाल में रहने वाले मृतक के परिजनों को दे दी है।

महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय भीलूड़ा में दो नए कक्षा-कक्षों का शिलान्यास



24 न्यूज अपडेट

सागवाड़ा (जयदीप जोशी)। भीलूड़ा स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में शुक्रवार को दो नवीन कक्षा-कक्षों का शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शंकरलाल डेचा रहे। विधायक डेचा ने बताया कि एक कक्षा-कक्ष का निर्माण 25 लाख रुपये की लागत से विधायक मद से कराया जाएगा, जबकि दूसरा कक्षा-कक्ष समसा मद से स्वीकृत हुआ है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना ही प्रदेश और देश के विकास की आधारशिला है, इसलिए शिक्षा क्षेत्र में बजट उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि विधायक मद से 100 प्राथमिक विद्यालयों में कंप्यूटर और प्रिंटर उपलब्ध करवाए गए हैं, जिससे शिक्षकों को ऑनलाइन कार्यों में सुविधा मिल रही है। साथ ही विद्यालयों में डोम, कक्षा-कक्ष और अन्य भौतिक सुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक डेचा ने कहा कि वर्तमान में धरती अंबा योजना के तहत 25 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से छात्रावासों का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सांसद कनकमल कटारा ने की। वहीं अनिता कटारा, नरेंद्र पंड्या, सुनील पंड्या, जवाहर भाटिया, विनोद पंड्या, धीरेंद्र पांचाल, उमेश पंड्या तथा संस्था प्रधान योगेश व्यास विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

उदियापोल चौराहे पर महिला पुलिसकर्मी की स्कूटी से मोबाइल चुराया, पीछा करने पर फोन फेंककर भागा चोर

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। उदियापोल चौराहा पर शुक्रवार को दिनदहाड़े चोरी की दुस्साहसिक वारदात सामने आई। बेखौफ चोर ने सड़क किनारे खड़ी एक महिला पुलिसकर्मी की स्कूटी से मोबाइल फोन पार कर लिया। हालांकि पीछा किए जाने पर आरोपी मोबाइल फेंककर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार महिला पुलिसकर्मी अपनी स्कूटी सड़क किनारे खड़ी कर किसी काम से गई थीं। इसी दौरान मौके की तलाश में बैठे एक चोर ने स्कूटी में रखा मोबाइल फोन निकाल लिया और वहां से भागने लगा।

घटना पर आसपास मौजूद लोगों और अन्य पुलिसकर्मियों की नजर पड़ गई। इसके बाद तुरंत आरोपी का पीछा किया गया। खुद को घिरता देख चोर ने मोबाइल फोन रास्ते में ही फेंक दिया और भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गया।

घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। हालांकि पुलिस ने मोबाइल बरामद कर लिया है, लेकिन शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक पर महिला पुलिसकर्मी को निशाना बनाए जाने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था और चोरों के बढ़ते हौसलों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

शिल्पग्राम में 3 मई को होगा नाटक 'माधव' का मंचन

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 मई । पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' के अंतर्गत रविवार 3 मई को 'माधव' नाटक का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत कारवां थिएटर ग्रुप मुंबई द्वारा माधव नाटक का मंचन रविवार 3 मई को सायं 7 बजे शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में किया जाएगा। इस नाटक के निर्देशक कुलविंदर बख्शीश सिंह एवं लेखक आशुतोष द्विवेदी है। इस कार्यक्रम में आमजन का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

सायरा में बड़ी चोरी: उमरोद गांव से 7 किलो चांदी और 80 हजार नकद पार



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। सायरा थाना पुलिस क्षेत्र के उमरोद गांव में बीती रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात बदमाश एक मकान को निशाना बनाकर करीब 7 किलो चांदी के जेवरात और 80 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार पुनाराम गमेती पेशे से मकान निर्माण ठेकेदार हैं। घटना के समय वह पूनम के चलते मंदिर गए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी घर के नीचे वाले हिस्से में सो रही थी। इसी दौरान बदमाश मकान की दूसरी मंजिल पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी तोड़ दी और घर का सामान बिखेरते हुए करीब 7 किलो चांदी के आभूषण तथा लगभग 80 हजार रुपए नकद चोरी कर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के अनुसार चोरी से करीब 11 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। सुबह घटना का पता चलने पर गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। मामले की सूचना पुनावली ग्राम पंचायत के उप सरपंच योगेश पालीवाल को दी गई, जिन्होंने पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मौका मुआयना कर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के संदिग्धों और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है। घटना के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी और चोरी गए सामान की बरामदगी की मांग की है।

बोहरा गणेशजी चौराहे पर युवक से मारपीट, तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। प्रतापनगर थाना पुलिस क्षेत्र में युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना बोहरा गणेशजी चौराहे की है, जहां कुछ युवकों ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आयुषराज सिंह राव ने रिपोर्ट दी कि वह मूल रूप से आसपुर क्षेत्र के धारड़ा गांव का निवासी है और वर्तमान में सेक्टर-4 में रह रहा है। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि बोहरा गणेशजी चौराहे पर हर्षराज माली, सुजल साहू और विवेक हरिजन ने उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक सुनील कुमार कर रहे हैं।

गोगुंदा में खेत की तारबंदी तोड़ने का मामला, चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुंदा थाना पुलिस क्षेत्र में खातेदारी जमीन पर अतिक्रमण और नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रोहिताश्वर सिंह ने रिपोर्ट दी कि उसकी खातेदारी और कब्जेशुदा भूमि पर कुछ लोग अनाधिकृत रूप से घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने खेत पर लगी लोहे की एंगल तोड़ दी और करीब 100 फीट लंबी तारबंदी को क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में चेनसिंह सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना फुटिया क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक विनेश कुमार कर रहे हैं।

गोगुंदा में घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़, कई लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोगुंदा थाना पुलिस क्षेत्र के बगडुंदा गांव में घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कई लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार प्यारचंद गमेती ने रिपोर्ट दी कि आरोपी उसके घर में घुस आए और लोहे के सरियों तथा लाठियों से हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने मारपीट कर चोट पहुंचाई और घर में तोड़फोड़ भी की। मामले में तेजाराम गमेती सहित 6-7 अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। घटना बगडुंदा ग्राम पंचायत छाली क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल लोगरलाल कर रहे हैं।

डबोक में युवक का रास्ता रोककर मारपीट, छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। डबोक थाना पुलिस क्षेत्र में युवक का रास्ता रोककर मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना घणोली चौराहा क्षेत्र की है, जहां कुछ लोगों ने युवक के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार श्रवण सिंह रावत ने रिपोर्ट दी कि वह मूल रूप से ब्यावर जिले के मालपुरा क्षेत्र का रहने वाला है और वर्तमान में डबोक स्थित एक होटल में कार्यरत है। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि घणोली चौराहा क्षेत्र में दुर्गेश गवारिया सहित पांच अन्य लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक नवलसिंह और मनोहर सिंह कर रहे हैं।

डबोक के माइंस क्षेत्र में दिनदहाड़े चोरी, जेवर और नकदी ले उड़े चोर

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। डबोक थाना पुलिस क्षेत्र के माइंस इलाके में दिनदहाड़े चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोर सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार राशनलाल मीणा ने रिपोर्ट दी कि वह माइंस क्षेत्र का निवासी है। घटना के दौरान अज्ञात चोर उसके घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण तथा नकदी चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुटी हुई है तथा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। मामले की जांच उपनिरीक्षक मुकेश कुमार कर रहे हैं।

झाड़ोल में कार की टक्कर से बालिका की मौत, अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झाड़ोल थाना पुलिस क्षेत्र में सड़क हादसे में एक बालिका की मौत हो गई। हादसा उण्डावेला क्षेत्र में हुआ, जहां गलत दिशा से आई कार ने बच्ची को टक्कर मार दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शिवलाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी पुत्री को एक कार चालक ने टक्कर मार दी। आरोप है कि कार चालक गलत साइड से वाहन चलाते हुए आया और बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में बालिका की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल पहुंचाया। मामले की जांच उपनिरीक्षक दिनेश कुमार कर रहे हैं। पुलिस अज्ञात कार चालक और वाहन की तलाश में जुटी हुई है।

व्हाट्सएप पर बॉस बनकर लगाई 5.30 करोड़ की चपत, राजस्थान पुलिस ने 17 साइबर ठगों को दबोचा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 2 मई। राजस्थान में साइबर अपराधियों के एक बड़े अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जयपुर ने 17 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने व्हाट्सऐप पर कंपनी के चेयरमैन की फोटो और नाम लगाकर अकाउंटेंट को झांसे में लिया और 5 करोड़ 30 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

मामले में परिवादी दीपेन्द्र सिंह ने 24 अप्रैल 2026 को साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई थी। परिवादी ने बताया कि वह गैलेक्सी माइनिंग कम्पनी में अकाउंटेंट है। उसे कंपनी मालिक के नाम और फोटो वाले दूसरे व्हाट्सऐप नंबर से संदेश मिला, जिसमें दो अलग-अलग बैंक खातों में तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए गए। भरोसा कर उसने 5.30 करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए, बाद में यह साइबर ठगी निकली।

साइबर क्राइम पुलिस मुख्यालय के उप महानिरीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के सुपरविजन में विशेष टीमों ने बैंक खातों की तकनीकी जांच की। जांच में सामने आया कि ठगी की रकम कई बैंक खातों में घुमाई गई और बाद में नकद निकासी यूएसडीटी और हवाला के जरिए रकम को ठिकाने लगाया गया।

पुलिस ने जिला पुलिस कोटा ग्रामीण, पाली, बांसवाड़ा, जोधपुर और बाड़मेर जिला पुलिस के सहयोग से कार्रवाई करते हुए 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले, नकद निकासी करने वाले, कमीशन एजेंट और क्रिप्टोकरेंसी के जरिए राशि ट्रांसफर करने वाले लोग शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपियों का विवरण

मामले में पुलिस ने कोटा निवासी सोहेल खान, मोहम्मद राशीद, समीर, तोहिद मोहम्मद, नवीन सिंह चौहान, बांसवाड़ा निवासी अविनाश जैन, प्रवीण रावल, अमित रावल, भव्य गिरी, मुकेश चौहान, जोधपुर निवासी घनश्याम धतरवाल, राहुल आरडीएक्स, कमलेश, पाली निवासी दिपेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र, हरीश और बाड़मेर निवासी सदराम को गिरफ्तार किया है।

चाय की थड़ी पर बंटता था ठगी का कमीशन

गिरफ्तार आरोपियों में वकालत का छात्र, सैलून कर्मी और ऑटो पार्ट्स दुकानदार तक शामिल हैं। ये आरोपी बैंक खाते, पासबुक, चेकबुक और डेबिट कार्ड उपलब्ध कराने, नकद निकासी और कमीशन के बंटवारे के लिए चाय की दुकानों या थड़ियों पर मिलते थे ताकि किसी को शक न हो।

कोटा कनेक्शनः यहाँ के आरोपी ठगी की राशि को नकद निकालने और उसे क्रिप्टोकरेंसी में बदलने के केंद्र थे। मूलतः गुजरात निवासी तोहिद मोहम्मद कोटा ने वकालत की पढ़ाई करने के साथ-साथ इसने हेयर सैलून वालों के बैंक खाते खुलवाए और ठगी की राशि विड्रोल करवाकर ठगों तक पहुँचाई। (कमीशनः 15,000 रुपये)

सोहेल खान, मोहम्मद राशीद और समीर ये तीनों हेयर सैलून में काम करते थे। इन्होंने अपने खातों में ठगी की राशि मंगवाई और उसे 3 से 6 हजार कमीशन पर नकद निकालकर ठगों को देते।

ऑटो पार्ट्स संचालक नवीन सिंह चौहान की मुख्य भूमिका ठगी की राशि से Angelx App के जरिए यूएसडीटी खरीदना था ताकि पैसा ट्रेस न हो सके। (कमीशनः 5 लाख पर 50,000 रुपये)

बांसवाड़ा कनेक्शनः यहाँ के आरोपी ठगी के लिए नए बैंक खाते और राशि को एक जगह से दूसरी जगह पहुँचाने का काम करते थे। अमित रावल ई-मित्र की दुकान चलाने के साथ इसने अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के बैंक खाते ठगों को 5 हजार प्रति खाता उपलब्ध कराए। अविनाश जैन और मुकेश चौहान का काम ठगी की राशि को सुरक्षित तरीके से एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना था।

भव्य गिरी गोस्वामी कपड़ों की दुकान चलाने के साथ यह राशि का नकद विड्रोल कर ठगों को उपलब्ध करवाता था। प्रवीण रावल ने स्वयं का बैंक खाता कमीशन के बदले ठगों को दे रखा था।

पाली कनेक्शनः यहाँ के आरोपी मुख्य रूप से ठगों को नए बैंक खाते उपलब्ध कराने की कड़ी के रूप में काम कर रहे थे। दिपेन्द्र सिंह और वीरेन्द्र ने अपने दोस्तों और परिचितों को लालच देकर उनके बैंक खाते ठगों को सौंपे थे।

राहुल उर्फ आरडीएक्स, कमलेश और हरीश ने स्वयं के नाम से बैंक खाते खुलवाकर ठगों को दिए और प्रत्येक खाते के बदले 5,000 रुपये कमीशन प्राप्त किया।

जोधपुर कनेक्शनः घनश्याम धतरवाल ने परिचितों के बैंक खाते खुलवाकर ठगी की राशि जमा करवाता था। उसके बाद नकद विड्रोल कर उस राशि से यूएसडीटी खरीदना और बेचना इसका मुख्य काम था ताकि ठगी का पैसा लाभांश के साथ सुरक्षित किया जा सके।

बाड़मेर कनेक्शनः सदराम ने स्वयं के नाम से बैंक खाता खुलवाकर ठगों को दिया और इसके बदले कमीशन प्राप्त किया।

जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को देते थे और बदले में 3 हजार से 50 हजार रुपये तक कमीशन लेते थे। कुछ आरोपी ठगी की राशि निकालकर सीधे साइबर अपराधियों तक पहुंचाते थे, जबकि कुछ आरोपी इस रकम से यूएसडीटी खरीदकर लेन-देन को छिपाने का काम करते थे।

इस कार्रवाई में साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन जयपुर की टीम के साथ पाली, जोधपुर, कोटा ग्रामीण, बांसवाड़ा और बाड़मेर पुलिस की संयुक्त टीमों ने अहम भूमिका निभाई। साइबर क्राइम थाना प्रभारी पुलिस उपाधीक्षक सुगन सिंह के नेतृत्व में गठित टीमों ने तकनीकी विश्लेषण और फील्ड इंटेलिजेंस के आधार पर पूरे नेटवर्क को ट्रैक कर गिरफ्तारियां कीं।

ओगणा में महिला का रास्ता रोककर मारपीट, दंपती के खिलाफ मामला दर्ज

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। ओगणा थाना पुलिस क्षेत्र के बांसीवाड़ा गांव में महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दंपती के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सीतादेवी ने रिपोर्ट दी कि वह बांसीवाड़ा गांव की निवासी है। आरोप है कि रास्ते में आरोपियों ने उसका रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट की। मामले में कालूसिंह और उसकी पत्नी दुर्गाबाई को आरोपी बनाया गया है। घटना बांसीवाड़ा क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच उपनिरीक्षक जयवीर के निर्देशन में की जा रही है।

पहाड़ा क्षेत्र में बाइक फिसलने से युवक की मौत, हादसे की जांच शुरू

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। पहाड़ा थाना पुलिस क्षेत्र में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसा राबाया पेट्रोल पंप के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटरसाइकिल अचानक फिसल गई। हादसे में पीछे बैठे युवक को गंभीर चोटें आईं, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार नामा डामोर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मोटरसाइकिल चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। टर्न पर अचानक ब्रेक लगाने से बाइक स्लिप हो गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में पीछे बैठे प्रार्थी के पुत्र को गंभीर चोटें आईं। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रदेशभर में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, हजारों लीटर वॉश और भट्टियां नष्ट



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। राजस्थान आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ प्रदेशव्यापी विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश नष्ट किया और कई अवैध भट्टियों को ध्वस्त किया है। अभियान के दौरान विभिन्न जिलों में दबिश, नाकाबंदी और सघन गश्त कर अवैध मदिरा निर्माण, परिवहन और बिक्री में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष निरोधात्मक अभियान में जीरो टोलरेंस नीति अपनाई गई है। विभाग की निरोधक टीमों ने अन्य राज्यों से शराब तस्करी और हथकड़ शराब के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई की। अजमेर के भगवानगंज स्थित संवेदनशील सांसी बस्ती क्षेत्र में आबकारी दल ने दबिश देकर चालू भट्टी और उपकरण जब्त किए। यहां 500 लीटर उत्तेजित वॉश नष्ट करने के साथ दो पुरानी भट्टियों को भी ध्वस्त किया गया। वहीं डीग जिले के गोपालगढ़, सतवाड़ी, सीकरी और अन्य क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए 2600 लीटर वॉश और तीन भट्टियां नष्ट की गईं। मौके से 10 लीटर हथकड़ शराब भी जब्त हुई। दौसा के महवा क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान छह कार्टन में भरी 288 पव्वे देशी शराब जब्त की गई। जोधपुर में ईपीएफ थाना सरदारपुरा क्षेत्र में तीन अभियोग दर्ज कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया। धौलपुर में आबकारी टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जबकि नागौर के परबतसर, नावां और डीडवाना क्षेत्रों में 700 लीटर वॉश नष्ट कर 20 लीटर हथकड़ शराब बरामद की गई। यहां पांच मामले दर्ज किए गए। इसी तरह सिरोही के आबूरोड क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान 150 लीटर वॉश, अवैध शराब, भट्टी उपकरण और आरएमएल की बोतलें जब्त की गईं। जयपुर ग्रामीण के चाकसू क्षेत्र में आबकारी टीम ने 5 हजार लीटर वॉश और 10 अवैध भट्टियां नष्ट करते हुए 150 लीटर हथकड़ शराब बरामद की। श्रीगंगानगर और अनूपगढ़ क्षेत्र में एक हजार लीटर वॉश तथा दो भट्टियां नष्ट की गईं, जबकि भीलवाड़ा के मांडलगढ़ और शाहपुरा क्षेत्रों में मोटरसाइकिल से परिवहन की जा रही 136 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। आबकारी विभाग के अनुसार प्रदेशभर में एक मई को चलाए गए अभियान के दौरान कुल 92 प्रकरण दर्ज किए गए। कार्रवाई में 22 हजार 280 लीटर वॉश नष्ट किया गया, तीन दुपहिया वाहन जब्त किए गए और 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध मदिरा कारोबार के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

CRIME NEWS

शास्त्री सर्कल क्षेत्र में जुए-सट्टे पर पुलिस की कार्रवाई, पांच गिरफ्तार

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भूपालपुरा थाना पुलिस ने अवैध जुआ-सट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शास्त्री सर्कल क्षेत्र से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 2 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि शास्त्री सर्कल स्थित झिंझर होटल के सामने खाली पड़ी जमीन और बबूल की झाड़ियों के बीच कुछ लोग सट्टे के अंक लिखकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कमल मोची, मोहम्मद सुबाहान, नरेन्द्र गमेती, बंशीलाल भोई और भगवतीप्रसाद ब्राह्मण सहित अन्य लोगों को मौके से पकड़ा। पुलिस ने जुआ-सट्टे में उपयोग की जा रही सामग्री भी जब्त की है। थानाधिकारी के निर्देशन में यह कार्रवाई उपनिरीक्षक भगवतीलाल एवं पुलिस टीम द्वारा की गई। मामले की जांच जारी है।

शिल्पग्राम के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, दंपती घायल

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अम्बामाता थाना पुलिस क्षेत्र में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल हो गए। हादसा शिल्पग्राम के सामने गुरुवार शाम को हुआ, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हवाला खुर्द स्थित भील बस्ती निवासी खुबीलाल गमेती ने रिपोर्ट दी कि उनका बड़ा भाई अपनी पत्नी अनु बाई के साथ मोटरसाइकिल पर जा रहा था। इसी दौरान शिल्पग्राम के सामने पीछे से तेज गति और लापरवाही से आई सफेद रंग की मारुति नेक्सा कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मामले की जांच हेड कांस्टेबल महेन्द्रसिंह कर रहे हैं।

ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी, पुलिस ने शुरू की जांच

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोवर्धन विलास थाना पुलिस क्षेत्र में अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना ट्रांसपोर्ट नगर इलाके की है, जहां घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार धनसिंह सारंगदेवोत ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह मूल रूप से खेरोदा थाना क्षेत्र के राठौड़ों का गुड़ा गांव का रहने वाला है और वर्तमान में ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहा है। प्रार्थी ने बताया कि अज्ञात चोर उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ले गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। मामले की जांच एएसआई मोहनलाल कर रहे हैं। पुलिस ने वाहन चोर की तलाश तेज कर दी है।

सूने मकान को बनाया निशाना, नकदी सहित घरेलू सामान चोरी

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। गोवर्धन विलास थाना पुलिस क्षेत्र के दिनदयाल नगर इलाके में अज्ञात चोरों ने सूने मकान में घुसकर नकदी और घरेलू सामान चोरी कर लिया। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मुकेश राठौड़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह दिनदयाल नगर (दक्षिणी विस्तार) स्थित अपने मकान में रहता है। अज्ञात चोर मकान में घुसकर फ्रिज, 32 इंच एलईडी टीवी, गैस टंकी, गैस चूल्हा, कुकर, कड़ाही सहित रसोई के कई बर्तन और करीब 60 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र में जांच शुरू की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके। मामले की जांच उपनिरीक्षक मनोहर सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा किया है।

भर्ती परीक्षाओं में 'डमी कैंडिडेट' रैकेट का बड़ा खुलासा, लाखों में बिक रही थीं सरकारी नौकरियां



24 न्यूज अपडेट

जयपुर। राजस्थान की सरकारी भर्ती परीक्षाओं में फर्जीवाड़े का एक और बड़ा चेहरा सामने आया है। राजस्थान एसओजी की जांच में खुलासा हुआ है कि पढ़ाई में कमजोर अभ्यर्थी लाखों रुपए देकर अपने स्थान पर होनहार युवकों को परीक्षा में बैठा रहे थे। इस संगठित नेटवर्क में डमी कैंडिडेट, मध्यस्थ और तकनीकी हेरफेर का ऐसा खेल चल रहा था, जिसने भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विशाल बंसल ने शुक्रवार को बताया कि एसओजी ने लगातार कार्रवाई करते हुए तीन बड़े मामलों का खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि कई मूल अभ्यर्थियों को खुद अपनी योग्यता पर भरोसा नहीं था, इसलिए उन्होंने अधिक पढ़े-लिखे और तेज अभ्यर्थियों को पैसे देकर परीक्षा में बैठाया।

5 लाख में तय हुआ सौदा, शिक्षक बना डमी अभ्यर्थी

पहला मामला राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्राध्यापक हिन्दी (स्कूल शिक्षा) भर्ती परीक्षा-2022 का है। जांच में सामने आया कि जालौर निवासी मनोहर लाल ने मूल अभ्यर्थी देराराम की जगह परीक्षा दी थी। मनोहर लाल वर्तमान में सरकारी स्कूल में सेकंड ग्रेड टीचर है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि देराराम पढ़ाई में कमजोर था और उसे खुद के चयन की उम्मीद नहीं थी। इसके बाद दोनों के बीच करीब 5 लाख रुपए में डील हुई। मनोहर लाल ने प्रवेश पत्र पर फोटो बदलकर और उपस्थिति पत्रक में हेरफेर कर परीक्षा दी। एसओजी के अनुसार दोनों की पहचान जोधपुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के दौरान हुई थी। मनोहर लाल को 1 मई को गिरफ्तार किया गया, जबकि मुख्य आरोपी देराराम अब भी फरार है।

पूर्व सैनिक को कम मेरिट का भरोसा, 7.5 लाख में खरीदा 'सफलता का रास्ता'

दूसरा मामला भी प्राध्यापक हिन्दी भर्ती परीक्षा-2022 से जुड़ा है। इस केस में फलौदी निवासी अशोक जानी को गिरफ्तार किया गया है। एसओजी जांच में सामने आया कि मूल अभ्यर्थी रामूराम, जो भूतपूर्व सैनिक है, ने कम कटऑफ का फायदा उठाने की योजना बनाई। उसे भरोसा था कि यदि उसकी जगह कोई बेहतर तैयारी वाला उम्मीदवार परीक्षा देगा तो चयन आसान हो जाएगा। इसके लिए अशोक जानी को अपनी जगह परीक्षा देने के लिए तैयार किया गया और करीब 7.5 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। यहां भी फर्जी फोटो और हस्ताक्षरों के जरिए परीक्षा दी गई। रामूराम को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है, जबकि अशोक जानी को 30 अप्रैल को पकड़ा गया।

6 लाख में 'सेट' हुआ शिक्षक भर्ती पेपर, बीच में आया दलाल

तीसरा मामला राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2022 का है। जांच में सामने आया कि जालौर निवासी सुनील ने मूल अभ्यर्थी विमल कुमार पाटीदार की जगह परीक्षा दी। विमल को अपनी तैयारी कमजोर लग रही थी, इसलिए उसने जयपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे मध्यस्थ अनिल विश्नोई से संपर्क किया। अनिल ने अपने परिचित सुनील को डमी कैंडिडेट बनने के लिए तैयार किया। करीब 6 लाख रुपए में सौदा तय हुआ, जिसमें डेढ़ लाख रुपए एडवांस दिए गए थे। एसओजी ने इस मामले में सुनील और अनिल विश्नोई दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

हाईटेक जांच से खुला फर्जीवाड़े का राज

एडीजी विशाल बंसल के मुताबिक इन मामलों में आरोपियों ने दस्तावेजों में बेहद सावधानी से हेरफेर किया था, जिससे डमी अभ्यर्थियों की पहचान करना बेहद चुनौतीपूर्ण था। लेकिन एसओजी द्वारा विकसित विशेष सॉफ्टवेयर और परिस देशमुख की तकनीकी विश्लेषण टीम की मदद से आरोपियों की सटीक पहचान की गई। इन सभी मामलों में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक साजिश, सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम और आईटी एक्ट की धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

'अनफिल्टर्ड कॉन्क्लेव', आर्किटेक्ट्स और डिजाइनर्स का रचनात्मक संगम



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। झीलों की नगरी उदयपुर में आज रचनात्मकता, वास्तुकला और डिजाइन की दुनिया का बड़ा आयोजन होने जा रहा है। शहर के प्रतिष्ठित रेडिसन ब्लू पैलेस रिसॉर्ट एंड स्पा में 02 मई 2026 को 'अनफिल्टर्ड कॉन्क्लेव' का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर और क्षेत्र के नामचीन आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स एक मंच पर जुटेंगे। इस खास कॉन्क्लेव का उद्देश्य रचनात्मकता को बिना किसी औपचारिक बंधन के खुलकर अभिव्यक्त करना है। आयोजन के दौरान 'रॉ क्रिएटिविटी' यानी मौलिक और स्वतंत्र सोच को केंद्र में रखकर वास्तुकला, डिजाइन और भविष्य के उभरते ट्रेंड्स पर चर्चा की जाएगी। आयोजकों के अनुसार, यह मंच केवल विचार-विमर्श तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उद्योग जगत के प्रभावशाली चेहरों के बीच नए सहयोग, संवाद और नेटवर्किंग के अवसर भी तैयार करेगा। कार्यक्रम में हाई-प्रोफाइल अवॉर्ड्स भी दिए जाएंगे, जिनके माध्यम से नवाचार, उत्कृष्ट विजन और रचनात्मक योगदान देने वाले आर्किटेक्ट्स व डिजाइनर्स को सम्मानित किया जाएगा। शाही आतिथ्य और प्रीमियम माहौल के बीच आयोजित यह कॉन्क्लेव उदयपुर के डिजाइन और आर्किटेक्चर सेक्टर को नई पहचान देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। कार्यक्रम में शामिल होने वाले विशेषज्ञ भविष्य की डिजाइन फिलॉसफी, आधुनिक वास्तु दृष्टिकोण और बदलती क्रिएटिव इंडस्ट्री पर अपने विचार साझा करेंगे। 'अनफिल्टर्ड कॉन्क्लेव' को लेकर शहर के क्रिएटिव और डिजाइन समुदाय में खासा उत्साह देखा जा रहा है और इसे उदयपुर के प्रोफेशनल नेटवर्किंग कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण आयोजन माना जा रहा है।

अन्जुमन तरक़्क़ी उर्दू की अदबी निशस्त, शायरों ने मेहनतकश तबके की आवाज़ बुलंद की



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। अन्जुमन तरक़्क़ी उर्दू की ओर से मजदूर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एक खूबसूरत अदबी निशस्त का आयोजन किया गया। साहित्य और शायरी से सजी इस महफिल में मजदूर वर्ग की मेहनत, संघर्ष और समाज में उनकी अहम भूमिका को याद किया गया। कार्यक्रम की सरपरस्ती वरिष्ठ साहित्यकार प्रो. सरवत ख़ान ने की, जबकि अध्यक्षता मशहूर शायर आबिद अदीब ने की। निशस्त का आगाज़ मजदूर तबके की कुर्बानियों और समाज निर्माण में उनके योगदान को सलाम करते हुए किया गया। इस दौरान शायरों और साहित्यकारों ने अपने कलाम और अश्आर के जरिए मेहनतकश लोगों के जज़्बात, उनकी जद्दोजहद और हक़ की आवाज़ को प्रभावशाली अंदाज में पेश किया। कार्यक्रम में साहित्य और सामाजिक सरोकारों का सुंदर संगम देखने को मिला। निशस्त में देवेंद्र सिंह हिरण, डॉ. सिद्दीका हुसैन, इंजीनियर उमर फ़ारुख़ ओमान, डॉ. रविन्द्र सिंह, डॉ. शौकत परवीन, डॉ. प्रेम भंडारी, हरीश तलरेजा तथा मनोज गीतांकर सहित कई एहले-क़लम ने शिरकत की। वक्ताओं ने कहा कि मजदूर केवल मेहनतकश नहीं, बल्कि समाज की बुनियाद हैं। उनके बिना विकास और तरक्की की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि साहित्य और शायरी का दायित्व है कि वह मजदूर वर्ग की आवाज़ को समाज तक पहुंचाता रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी शायरों और मेहमानों का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी इस तरह की अदबी महफिलों के आयोजन का संकल्प लिया गया। आयोजन की जानकारी अन्जुमन के महासचिव इंजीनियर उमर फ़ारुख़ ओमान ने दी।

देवर्षि नारद जयंती पर उदयपुर में कल पत्रकार सम्मान समारोह, पांच श्रेणियों में होंगे सम्मान





24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। भारतीय संस्कृति और संचार परंपरा के आद्य पुरुष माने जाने वाले देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर विश्व संवाद केंद्र समिति की ओर से रविवार 3 मई को उदयपुर में भव्य "पत्रकार सम्मान समारोह–2026" आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह को लेकर मीडिया जगत और पत्रकारों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन गोल्डन जुबली गेस्ट हाउस सभागार में प्रातः 10 बजे से होगा। समारोह में देश के वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक-आर्थिक विश्लेषक हर्षवर्धन त्रिपाठी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। उन्हें पत्रकारिता, संपादकीय लेखन और डिजिटल मीडिया में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है तथा उनके एक हजार से अधिक लेख प्रकाशित हो चुके हैं। देवर्षि नारद को बताया पत्रकारिता का आदि पुरुष समिति की ओर से जारी जानकारी में बताया गया कि भारतीय परंपरा में देवर्षि नारद को केवल संदेशवाहक नहीं, बल्कि तीनों लोकों—स्वर्ग, पृथ्वी और पाताल—के बीच संवाद स्थापित करने वाले प्रथम संवाददाता के रूप में देखा जाता है। उनकी संवाद शैली सत्य, स्पष्टता, निष्पक्षता और लोकहित पर आधारित मानी जाती है। शास्त्रों में उन्हें भगवान का 'मन' कहा गया है, अर्थात ईश्वर के मन में जो भाव हैं, उनसे वे परिचित रहते हैं। इसी कारण उन्हें ज्ञान, अनुभूति और समय के साक्षी के रूप में भी वर्णित किया गया है। आयोजकों का मानना है कि वर्तमान पत्रकारिता को भी देवर्षि नारद की संवाद परंपरा से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है।

पांच श्रेणियों में दिए जाएंगे सम्मान

समिति के सचिव प्रवीण कोटिया ने बताया कि समारोह में पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा।

सम्मान की पांच प्रमुख श्रेणियां इस प्रकार हैं

उत्कृष्ट प्रिंट पत्रकार
उत्कृष्ट इलेक्ट्रॉनिक पत्रकार
उत्कृष्ट छायाकार
उत्कृष्ट स्तंभकार
उत्कृष्ट स्थानीय यूट्यूब न्यूज चैनल

प्रत्येक श्रेणी में चयनित पत्रकार को 21 हजार रुपए की सम्मान राशि, स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

14 जिलों से आए 124 आवेदन

प्रवीण कोटिया ने बताया कि चित्तौड़ प्रांत के अंतर्गत आने वाले जिलों से पत्रकारों और प्रस्तावकों द्वारा आवेदन किए गए थे। इस प्रांत में उदयपुर, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, कोटा, बूंदी, ब्यावर, प्रतापगढ़, सलूंबर, बारां तथा झालावाड़ शामिल हैं।

आवेदन की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित थी और सभी श्रेणियों में कुल 124 आवेदन प्राप्त हुए।

उदयपुर से शुरू हुआ था आयोजन

उल्लेखनीय है कि यह पत्रकार सम्मान समारोह वर्ष 2022 तक लगातार उदयपुर में आयोजित होता रहा। बाद में इसे प्रांत स्तर तक विस्तारित किया गया। वर्ष 2023 में इसका आयोजन अजमेर, 2024 में भीलवाड़ा और 2025 में कोटा में किया गया था। अब वर्ष 2026 में यह समारोह पुनः उदयपुर में आयोजित किया जा रहा है।

आरएनटी में अधिकारियों -कर्मचारियों को दिया स्वगणना प्रशिक्षण



24न्यूज अपडेट

उदयपुर, 2 मई। भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के अंतर्गत स्वगणना विकल्प के व्यापक उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक भवन में विशेष प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत 1 मई से 15 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान विभाग द्वारा नागरिकों को स्वगणना का विकल्प प्रदान किया गया है। इसके अंतर्गत मेडिकल कॉलेज और इसके अधीन कार्यरत सभी कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पोर्टल के माध्यम से अपने-अपने परिवारों की सूचनाएं स्वयं ऑनलाइन दर्ज अथवा अपडेट करें। आरएनटी प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. राहुल जैन ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। स्वगणना का विकल्प न केवल प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाता है, बल्कि यह डेटा की शुद्धता भी सुनिश्चित करता है। हमने कॉलेज के अधीन सभी अनुभागों और कार्यालयों के कार्मिकों को निर्देशित किया है कि वे इस निर्धारित अवधि (1 मई से 15 मई) के भीतर अपने परिवार की जानकारी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपडेट करें। हमारी सक्रिय भागीदारी ही इस राष्ट्रीय मिशन को सफल बनाएगी। कार्यक्रम में सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रकाश चन्द्र, शिक्षक असलम और सूचना सहायक भावेश खत्री ने प्रतिभागियों को तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी भरत शर्मा और माना लाल डांगी द्वारा पोर्टल के उपयोग का लाइव डेमो प्रस्तुत किया। मेडिकल कॉलेज की अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. कीर्ति ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस अभियान में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया।

दिनदहाड़े महिला के गले से सोने की चेन झपटी, बाइक सवार बदमाश फरार



24न्यूज अपडेट

डूंगरपुर। धंबोला थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े स्नेचिंग की वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया। धंबोला गांव में मंदिर से घर लौट रही एक महिला के गले से बाइक सवार दो बदमाश सोने की चेन तोड़कर फरार हो गए। पीड़िता निर्मला देवी (52) पत्नी गट्टू लाल दर्जी मंदिर में दर्शन कर वापस घर लौट रही थीं। इसी दौरान पीछे से बाइक पर आए दो अज्ञात बदमाशों ने उनके गले पर झपट्टा मारते हुए करीब डेढ़ तोले की सोने की चेन छीन ली और तेज रफ्तार में मौके से फरार हो गए। अचानक हुई घटना से महिला घबरा गईं और उन्होंने शोर मचाया, लेकिन तब तक बदमाश आंखों से ओझल हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही राजस्थान पुलिस की धंबोला थाना टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने जिलेभर में नाकेबंदी करवाई है। वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

आवारा कुत्ते का हमला, गर्भवती महिला समेत 3 घायल



24 न्यूज अपडेट

बांसवाड़ा। कुशलगढ़ थाना क्षेत्र के टांडी गांव में आवारा कुत्ते के हमले से दहशत फैल गई। घर के बाहर खड़ी गर्भवती महिला और उसके तीन साल के बेटे पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। बचाने आए महिला के भाई को भी कुत्ते ने घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार टांडी गांव निवासी सुनीता (25) पत्नी अनु अपने बेटे कार्तिक (3) के साथ घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान एक आवारा कुत्ता उन पर झपट पड़ा। कुत्ते ने महिला और बच्चे को हाथ, चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर काट लिया। चीख-पुकार सुनकर महिला का भाई मांगीलाल (15) पुत्र बसु उन्हें बचाने दौड़ा, लेकिन कुत्ते ने उस पर भी हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और लाठियों की मदद से कुत्ते को भगाया। परिजनों ने बताया कि सुनीता चार माह की गर्भवती है। तीनों घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए महात्मा गांधी जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल तीनों का इलाज जारी है।

समाचार भेजने के लिए हमारी मेल आई-डी पर संपर्क करें -
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा।